## एक नजर में

### कांग्रेस जिलाध्यक्ष महेन्द्र सिंह गुर्जर के नेतृत्व में आंदोलन
### संविधान, लोकतंत्र और किसान हितों की रक्षा को लेकर उमड़ा जनसमूह

**मंदसौर।** जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेन्द्र सिंह गुर्जर के नेतृत्व में सोमवार को लोकतंत्र एवं संविधान बचाओ रैली निकालकर जिला कलेक्टर कार्यालय पर विशाल प्रदर्शन एवं जनआंदोलन किया गया।इस दौरान एक घंटे तक जिला कलेक्टर कार्यालय का घेराव कर धरना प्रदर्शन किया। रैली के माध्यम से संविधान की रक्षा, लोकतांत्रिक मूल्यों के संरक्षण तथा किसानों और आमजन से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को प्रमुखता से उठाया गया। कांग्रेस नेताओं ने पूर्व सांसद मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त किए जाने के निर्णय का कड़ा विरोध करते हुए इसे लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत बताया। जिला कांग्रेस प्रभारी सदाशिव यादव ने कहा कि विपक्ष की आवाज को दबाने और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को कमजोर करने के प्रयास लोकतंत्र के लिए गंभीर चिंता का विषय हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ऐसे अलोकतांत्रिक कदमों का लोकतांत्रिक तरीके से विरोध जारी रखेगी। जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेन्द्र सिंह गुर्जर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी संविधान, लोकतंत्र और जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए सदैव संघर्षरत रही है और आगे भी रहेगी। बाद में एसडीएम शिवलाल शाक्य को दो ज्ञापन सौंपे गए। ज्ञापन का वाचन प्रदेश सचिव सोमिल नाहटा एवं कांग्रेस नेता राकेश पाटीदार ने किया। एक ज्ञापन राष्ट्रपति के नाम राज्यसभा की कांग्रेस उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन का नामांकन पत्र निरस्त करने के विरोध में दिया गया। पूर्व विधायक पुष्पा भारतीय, प्रकाश रातड़िया, परशुराम सिसोदिया, राजेश रघुवंशी, मंजीतसिंह टुटेजा, ब्लाक अध्यक्ष विकास दशोरा, विजेश मालेचा, विनोद शर्मा, किशोरसिंह पंवार, सत्यनारायण पाटीदार, जगदीश धनगर फौजी, महेश पाटीदार, सुरेश धाकड, मुकेश धाकड, हनुमंतसिंह, कांग्रेस नेता ओमसिंह भाटी, रविन्द्र रांका, अनिल शर्मा, तरुण खिंची, रुपल संचेती, रफत पयामी, दीपकसिंह गुर्जर, डॉ.अजीत जैन, राखी सत्रावाला, मुकेश निडर, सुरेन्द्र कुमावत, निर्विकार रातडिया, बालेश्वर पाटीदार, ब्रह्मानंद पाटीदार, राजेन्द्र सेठिया, कमलेश सोनी, बद्रीलाल धाकड, असगर मेव, जगदीपसिंह बंटी, कर्मवीर सिंह भाटी, भोपालसिंह सोलंकी, उमराव सिंह, सुरेश पाटीदार, कन्हैया लाल सिसोदिया, शौकत मंसूरी, परमेश्वर पाटीदार, ललित चंदेल, महेश पाटीदार, दिलीप देवडा, यूनुस मेव, दुलेसिंह किलगारी, रंगलाल धनगर, अनिस मंसुरी, लियाकत मेव, कमलेश पटेल, अजहर मेव, आदित्य पाटिल,श्याम गुगर, सम्यक जैन, शुभम कुमावत, वाहिद जैदी, प्रवीण मांगरिया, सुनील गुप्ता, राघवसिंह शक्तावत, निर्मल फरक्या, श्यामसिंह चौहान, बद्रीलाल धाकड, रमेश ब्रिजवानी, कमलेश जैन व अन्य मौजूद रहे।

### कर्बला की दास्तान पर वाआज

**इंदौर.** दाउदी बोहरा समाज के मोहर्रम के अशारा मुबारका की नौ दिनी वाआज बाबजी नगर में कर रहे जनाब इदरीस भाई नूर भाई ने कर्बला की दास्तान पर बयान फरमाए. यह जानकारी देते हुए समाज के मीडिया प्रभारी मज़हर हुसैन सेठजी वाला व सदस्य बुरहानुद्दीन शकरुवाला ने बताया कि जनाब इदरीस भाई नूर भाई ने वाआज में कहा कि हमेशा इंसानियत की भलाई के काम करे। आपने कर्बला में तीन दिन के भुखे प्यासे इमाम हुसैन की शहादत के बयान भी फरमाएं. इस अवसर पर अश्कबार आंखों से पुरजोश मातम हुआ. हैदर अली बेग वाला की पार्टी वाआज में मतामी नोहा और मर्सिया पढ़ रहे है. वाआज में बड़ी संख्या में समाजवासी उपस्थित थे.

### एपीआई इंदौर की नई कार्यकारिणी घोषित

**इंदौर.** एसोसिएशन ऑफ फिजिशियन्स ऑफ इंडिया (एपीआई) इंदौर शाखा के लिए मधुमेह विशेषज्ञ डॉ. राजेश अग्रवाल को अध्यक्ष, रूमेटोलॉजिस्ट डॉ. अक्षत पांडे को निर्विरोध सचिव तथा डॉ. रवि भाटिया को क्लिनिकल सेक्रेटरी चुना गया है. नई कार्यकारिणी आगामी दो वर्षों में संगठन की शैक्षणिक, वैज्ञानिक एवं सामाजिक गतिविधियों को और सशक्त बनाने का कार्य करेगी. इस अवसर पर वर्तमान अध्यक्ष डॉ. आर.के. झा एवं सचिव डॉ. अभ्युदय वर्मा के योगदान की सराहना की गई. संस्था के पैट्रन डॉ. ए.के. पंचोलिया, डॉ. उल्लास महाजन, डॉ. सुबोध बांजल, डॉ. वी.पी. पांडेय एवं डॉ. प्रदीप मेहता ने यह जानकारी दी.

### शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव आज से

**इंदौर.** श्री ग्वाल भैरव जनकल्याण समिति द्वारा श्री ग्वाल भैरव कालका माता मंदिर, विजय नगर चौराहा पर 22 से 24 जून तक शिव परिवार नूतन विग्रह प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा.

## साधारण सभा में लोगों की मदद का संकल्प

▶ दुर्गेश बेलानी अध्यक्ष बने



**मंदसौर।** शहर की एवं समाज की अग्रणी सामाजिक एवं धार्मिक संस्था जय रामजी की प्रयास सेवा समिति की वार्षिक साधारण सभा संपन्न हुई। सभा की शुरुआत में सभी सदस्यों ने मिलकर सिंधी समाज के आराध्य देव भगवान श्री झूलेलाल और संत योगीराज स्वामी श्री लीला शाह महाराज की तस्वीर पर दीप प्रज्वलन कर और स्वामी जी की प्रार्थना कर साधारण सभा का शुभारंभ किया।

अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए प्रकाश लालवानी द्वारा दो सालों में समिति के सफलतापूर्वक संचालन में सदस्यों द्वारा दिए गए सहयोग एवं प्रेम के लिए हृदय से आभार जताया, महासचिव चंद्रप्रकाश आडवाणी ने विगत दो वर्षों में समिति द्वारा किए गए विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक कार्य एवं संस्था के मूलभूत उद्देश्य वाली सभी गतिविधियों की जानकारी सभी उपस्थित सदस्यों को दी। उसके उपरांत कोषाध्यक्ष शिव चंदानी के द्वारा विगत दो वर्षों के समिति के आय एवं व्यय का समस्त विवरण प्रस्तुत किया, जिसमें की उपस्थित सभी सदस्यों ने अपनी सहमति प्रदान की। इसके उपरांत अध्यक्ष प्रकाश लालवानी ने अपनी पूरी कार्यकारिणी सहित अपना इस्तीफा सभापति कमलेश कोठारी को सौपा, उसके बाद सभापति ने आगे की कार्रवाई को संभालते हुए नवीन कार्यकाल के लिए नए अध्यक्ष के लिए सभा में चुनाव की कार्यवाही आगे बढ़ाई, जिसमें उपस्थित सभी सदस्यों ने एकमत होकर नवीन कार्यकाल के लिए संस्था के वरिष्ठ सदस्य दुर्गेश जी बेलानी का नाम अध्यक्ष के लिए चुना, पूर्व अध्यक्ष प्रकाश लालवानी एवं सभापति कमलेश कोठारी ने फूल माला पहनकर नए अध्यक्ष का स्वागत किया, नवीन अध्यक्ष दुर्गेश बेलानी ने अपनी कार्यकारिणी घोषित की जिसमें की उपाध्यक्ष दिनेश चंदवानी, महासचिव के पद पर सोनू सेवानी, कोषाध्यक्ष के पद पर रूपेश चंदवानी, संगठन मंत्री पप्पू दासानी, मीडिया प्रभारी रोहित लालवानी, सचिव हीरालाल मनवाणी शामिल रहे उपस्थित सभी सदस्यों ने सभी नवीन पदाधिकारी का फूलमाला पहनकर एवं तालियां बजाकर उनका स्वागत किया एवं पुरानी कार्यकारिणी को संस्था के सफलतम संचालन के लिए बधाई दी।

## खाद का शत-प्रतिशत वितरण ई-विकास प्रणाली से करें : कलेक्टर अदिती गर्ग

▶ प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए किसानों का चयन के साथ करें जागरूक

▶ साप्ताहिक अंतरविभागीय समीक्षा बैठक

**मंदसौर। कलेक्टर अदिती गर्ग की अध्यक्षता में साप्ताहिक अंतरविभागीय समीक्षा बैठक सुशासन भवन स्थित सभागार में आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।**

बैठक के दौरान कलेक्टर गर्ग ने कृषि विभाग को निर्देशित किया कि किसानों को खाद का वितरण अनिवार्य रूप से ई-विकास प्रणाली के माध्यम से किया जाए तथा खाद का शत-प्रतिशत वितरण इसी व्यवस्था के तहत सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि खाद का वितरण फसलों की आवश्यकता एवं निर्धारित मानकों के अनुसार किया जाए। कलेक्टर ने स्वाइल हेल्थ कार्ड योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए व्यापक स्तर पर जनजागरूकता एवं प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्राकृतिक खेती से जुड़ने वाले किसानों का चयन एवं पंजीयन शीघ्रता से पूर्ण करने तथा प्राकृतिक खेती के विभिन्न घटकों का लाभ किसानों तक पहुंचाने पर जोर दिया।

## बारिश के दौरान अंडरपास में जलभराव की समस्या का करें स्थायी समाधान : गर्ग

**मंदसौर।** कलेक्टर अदिती गर्ग की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सुशासन भवन स्थित सभागार में आयोजित की गई। बैठक में सड़क सुरक्षा, वर्षा पूर्व तैयारियों और यातायात व्यवस्था से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर समीक्षा की गई।

बैठक के दौरान कलेक्टर गर्ग ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले के अंडरपासों में वर्षा के दौरान होने वाली जलभराव की समस्या का प्राथमिकता के आधार पर स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सेमली काकड़ औद्योगिक क्षेत्र में सड़क कनेक्टिविटी पॉइंट को तत्काल सुगम बनाने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने संबंधित निर्माण एजेंसियों को सड़क मरम्मत, गड्ढों को भरने तथा सड़क के शोल्डर निर्माण का कार्य प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्धारित समयसीमा में कार्य पूर्ण नहीं होने पर संबंधित ठेकेदारों के विरुद्ध नियमानुसार पेनल्टी की कार्रवाई की जाएगी। बैठक में वर्षा पूर्व तैयारियों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने अधिकारियों को जलमग्न क्षेत्रों में सुरक्षा संबंधी आवश्यक इंतजाम सुनिश्चित करने तथा आमजन को जलभराव वाले स्थानों से होकर आवागमन नहीं करने के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए।

## द्विशताब्दी जन्मोत्सव पर घर-घर आराधना

▶ संघवी परिवार ने लिया गुरुभक्ति और आराधना का लाभ



**मंदसौर। गुरुदेव श्रीमद् विजय राजेंद्रसूरीश्वरजी महाराज साहब के आगामी द्विशताब्दी जन्मोत्सव (युगोत्सव) के उपलक्ष्य में अखिल भारतीय श्री राजेंद्र जैन नवयुवक परिषद एवं परिषद परिवार, मंदसौर के तत्वावधान में घर-घर गुरुदेव आराधना कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।**

इसी क्रम में रविवार को हरिपुरम स्थित संघवी परिवार के निवास पर गुरु गुण इक्कीसा पाठ एवं गुरुभक्ति का आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम का लाभ सौभाग्यमल-हिम्मतलाल संघवी परिवार द्वारा लिया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाएं उपस्थित रहे तथा उत्साहपूर्वक गुरु गुण इक्कीसा का पाठ, स्तवन, गुरुभक्ति एवं आरती में सहभागी बने।

कार्यक्रम के दौरान हिम्मतलाल संघवी, दिलीप कुमार संघवी, जिनेश संघवी, रोहित संघवी, अभिषेक संघवी, भव्य संघवी, दिनेश रांका एवं सार्थक रांका ने गुरुदेव के चित्र पर माल्यार्पण कर नवकार महामंत्र का स्मरण किया तथा आरती संपन्न की। परिषद अध्यक्ष अजय फाफरिया एवं महामंत्री कमलेश सालेचा ने बताया कि गुरुदेव श्रीमद् विजय राजेंद्रसूरीश्वरजी महाराज साहब का जन्म राजस्थान के भरतपुर में सप्तमी तिथि को हुआ था और सप्तमी तिथि को ही उन्होंने देहावसान किया। वर्ष 2027 में गुरुदेव का 200वां जन्मोत्सव मनाया जाएगा। इसी के उपलक्ष्य में परिषद द्वारा पूरे वर्ष प्रत्येक सप्तमी पर विभिन्न धार्मिक एवं आराधनात्मक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम में अखिल भारतीय श्री राजेंद्र जैन नवयुवक परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री सुधीर लोढ़ा, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य श्रेयांश हिंगड़, परिषद अध्यक्ष अजय कुमार फाफरिया, श्रीसंघ सचिव अशोक खाबिया, मूर्तिपूजक श्रीसंघ अध्यक्ष विजय सुराणा, चातुर्मास समिति अध्यक्ष मनोहर सोनगरा, जैन शिक्षण प्रसार समिति सचिव गजराज जैन सहित परिषद एवं श्रीसंघ के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं समाजजन उपस्थित रहे।

## इमाम हुसैन की याद में मुस्लिम महासभा ने मंदसौर में लगाया रक्तदान शिविर

▶ सभी धर्मों के युवाओं ने किया 72 यूनिट रक्तदान



**मंदसौर।** मुहर्रम के अवसर पर शहीदान-ए-कर्बला और इमाम हुसैन की याद में मुस्लिम महासभा मंदसौर द्वारा जिला चिकित्सालय में एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। लगातार नौवें वर्ष आयोजित इस शिविर में सामाजिक एकता और सांप्रदायिक सौहार्द की अनूठी मिसाल देखने को मिली, जहाँ शहर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से आए विभिन्न समुदायों के युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और मानव सेवा का संदेश दिया।

दोपहर से लेकर देर शाम तक चले इस शिविर में कुल 72 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया।

मुस्लिम महासभा के पदाधिकारी साबिर हुसैन ने बताया कि पिछले दस वर्षों से यह अभियान निरंतर चलाया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य अस्पताल में आने वाले उन जरूरतमंद मरीजों की सहायता करना है जिन्हें समय पर रक्त उपलब्ध नहीं हो पाता। इस पुनीत कार्य में भागीदारी निभाने वाले सभी रक्तदाताओं को संस्था की ओर से प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। उन्होंने इमाम हुसैन की शिक्षाओं को याद करते हुए कहा कि उनका संदेश किसी एक धर्म तक सीमित नहीं है, बल्कि वह पूरी मानवता को इंसानियत, त्याग और जरूरतमंदों की सहायता की सीख देता है।

## पीने के पानी की वितरण व्यवस्था बनाए रखने के लिए नपा ने लिया निर्णय

**मंदसौर।** नगरपालिका जलकार्य समिति की महत्वपूर्ण बैठक नपा कार्यालय मंदसौर में नपाध्यक्ष रमादेवी बंशीलाल गुर्जर की अध्यक्षता में हुई। इसमें आगामी समय में जलप्रदाय व्यवस्था को बनाये रखने व जल स्त्रोतों में उपलब्ध पानी की समीक्षा की गई।

कर्मचारियों ने नपाध्यक्ष गुर्जर व जलकार्य समिति के सभी सदस्यों को रामघाट, कालाभाटा बांध सहित नपा के जलस्त्रोतों में पानी की उपलब्धता की जानकारी दी। बताया कि नगरपालिका को प्रतिदिन 18 एमलडी पानी प्रतिदिन चम्बल परियोजना से पाइप लाइन के द्वारा प्राप्त हो रहा हैनगर को प्रतिदिन 28 एमएलडी पानी की जरूरत पेयजल वितरण हेतु वर्तमान व्यवस्था के अंतर्गत पड़ती है। शेष पानी नपा रामघाट व कालाभाटा से ले रही है। मोरवनी दोह जो कि नगर से 8 कि.मी. दूर शिवना नदी में स्थान है वहां से 10 दिन की पेयजल वितरण हो सके।

# नीमच

## एक नजर में

### राजस्व महा अभियान : ग्राम धनेरियाकला में हल्कावार शिविर आयोजित




**नीमच।** कलेक्टर हिमांशु चंद्रा के निर्देशानुसार 22 जून से 22 जुलाई 2026 तक चल रहे विशेष राजस्व महा अभियान के तहत सोमवार को ग्राम धनेरियाकला में हल्कावार शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में राजस्व विभाग द्वारा कुल 18 किसानों की फार्मर आईडी बनवाई गई। शिविर में खाद अनुपलब्धता, शासकीय रास्ते पर अतिक्रमण, रास्ता चोड़ीकरण, पेंशन, राशन समस्या सहित 13 आवेदन प्राप्त हुए। शिविर में अधिकांश प्रकरणों का मौके पर सहमति, जीआरएस, इकेवायसी के माध्यम से निराकरण किया गया। भूमि अतिक्रमण के प्रकरण दर्ज कर, अग्रिम कार्यवाही हेतु चिन्हित किए गएहै। बंदोबस्त व नक्शा दुरुस्ती के प्रकरणों में सर्वे कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। शिविर में तहसीलदार श्री संजय मालवीय, थाना प्रभारी बघाना श्री राधेश्याम दांगी, पटवारी श्री नरेन्द्र पाटीदार, सरपंच श्री राजेश राठौर, सचिव श्री प्रेमसिंह चुण्डावत, जीआरएस श्री गजेन्द्रसिंह राजपूत व सहकारी सहायक श्रीअनिल कुमार शिविर में उपस्थित थे। अभियान से ग्रामीणों को एक ही स्थान पर त्वरित समाधान उपलब्ध हुआ। यह जानकारी तहसीलदार नीमच संजय मालवीय ने दी है।

### ज्ञानोदय इंस्टिट्यूट ऑफ़ नर्सिंग में बीएससी नर्सिंग में प्रवेश के लिए 23 जून तक ही फॉर्म भरे जा सकेंगे

नीमच। ज्ञानोदय विश्वविद्यालय की चांसलर डॉ माधुरी चौरसिया ने नर्सिंग विद्यार्थियों के लिए बताया कि इस वर्ष लंबे इंतजार के बाद अब मध्य प्रदेश कर्मचारी चयन मंडल ने प्री नर्सिंग सिलेक्शन टेस्ट लेने का निर्णय किया है।।ज्ञानोदय इंस्टिट्यूट ऑफ़ नर्सिंग की प्राचार्य कविता सैम द्वारा बताया गया कि पी एनएसटी 2026 परीक्षा 10 जुलाई को होगी इसमें नेगेटिव मार्किंग भी इस वर्ष से रहेगी । इस प्रवेश परीक्षा के माध्यम से प्रदेश के शासकीय एवं निजी नर्सिंग कॉलेज में संचालित 4 वर्षीय बीएससी नर्सिंग पाठ्यक्रम में प्रवेश दिया जाएगा ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तारीख 23 जून निर्धारित की गई है अभ्यर्थी 28 जून तक अपने आवेदन पत्र में संशोधन भी कर सकते हैं। यह परीक्षा ऑनलाइन मोड में 10 जुलाई को आयोजित की जाएगी जो कि दो पालियों में रहेगी पहली पाली सुबह 10 से दोपहर 12 तक तथा दूसरी पाली दोपहर 3 से शाम 5 बजे तक आयोजित की जाएगी परीक्षा में कुल 100 अंक के प्रश्न पूछे जाएंगे इसमें भौतिकी रसायन शास्त्र जीव विज्ञान एवं सामान्य ज्ञान तथा अंग्रेजी विषय शामिल रहेंगे। सही उत्तर पर एक अंक मिलेगा जबकि गलत उत्तर पर 0.25 अंक की नेगेटिव मार्किंग भी की जाएगी।

## सीएमओ बामनिया ने सफाई व्यवस्था का किया निरीक्षण

▶ नाला निर्माण शीघ्र पूर्ण करने व पर्याप्त सफाई के दिए निर्देश

▶ ठेले- गुमटियों के बाहर सड़क तक रखी कुर्सीया हटवाई



**नीमच।** शहर की सफाई व्यवस्था सुधारने के लिए निरंतर सक्रिय नगर पालिका परिषद नीमच की मुख्य नगर पालिका अधिकारी दुर्गा बामनिया ने सोमवार को शहर के वार्ड 16 का निरीक्षण किया। इस दौरान मूलचंद मार्ग,खारी कुआं क्षेत्र के साथ ही वार्ड क्रमांक 12 जवाहर नगर, गायत्री मंदिर मार्ग, महिला बस्ती ग्रह, वीरपार्क रोड, लायंस पार्क व ज्ञान मंदिर टंकी आदि क्षेत्रों में पहुंचकर सफाई व्यवस्था देखी।

बामनिया ने जहां भी गंदगी पाई गई वहां संबंधित दरोगा को पर्याप्त साफ-सफाई करवाने और कचरे के ढेर समय पर उठवाने के निर्देश देने के साथ ही कर्मचारियों के हाजिरी रजिस्टर चेक किये और लगातार अनुपस्थित रहने वाले कर्मचारियों पर कार्रवाई के लिए कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश स्वास्थ्य अधिकारी को दिए।

निरीक्षण के दौरान बामनिया ने मोहर्रम के मद्देनजर मूलचंद मार्ग स्थित निर्माणाधीन नाले का निरीक्षण करते हुए कार्य शीघ्र पूर्ण करने एवं पर्याप्त सफाई करवाने के निर्देश दिए। साथ ही सफाई कार्य में लगे सभी कर्मचारियों को कार्य स्थल पर ड्रेस कोड में रहने के निर्देश दिए!

बामनिया ने निरीक्षण के दौरान लायंस चौराहे व ज्ञान मंदिर टंकीके यहां ठेले व गुमटी वालों द्वारा सड़क तक कुर्सियां लगाए जाने व गंदगी फैलाये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सड़क तक रखी गई कुर्सियां हटवाई व संबंधित क्षेत्र के स्वच्छता निरीक्षक एवं स्वच्छता पर्यवेक्षक को गंदगी फैलाने वालो के खिलाफ चालानी कार्यवाही करने के निर्देश दीये !साथ ही ठेले -गुमटी वालों से कहा कि अपने यहां डस्टबिन रखें और कचरा डस्टबिन में ही डालें तथा ग्राहकों को भी कचरा डस्टबिन में ही डालने हेतु प्रेरित करें।

साथ ही उन्होंने ठेले -गुमटी वालों को कुर्सियां सड़क तक न फैलाने के निर्देश देते हुए दुकान बंद करते समय कचरा सड़क पर या नाली में नहीं फेंकने तथा कचरा डस्टबिन में एकत्रित कर कचरा वाहन में ही डालने हेतु निर्देशित किया।निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी दिनेश टांक, स्वच्छता निरीक्षक भारत सिंह भारद्वाज, अविनाश घेघट, गोपाल नरवाले, गैंग प्रभारी दीपक गौहर भी उपस्थित थे।



## बेटे-बहू को दी समझाइश, फादर्स-डे पर पुलिस ने एक वर्ष से भटक रहे बुजुर्ग पिता को वापस दिलाया आश्रय

**नीमच।** फादर्स-डे पर जीरन पुलिस ने एक बुजुर्ग पिता को उनका घर और जमीन वापस दिलाकर परिवार को फिर से जोड़ने का काम किया।

कोटड़ी इस्तमुरार निवासी बाबूलाल धोबी को एक वर्ष पहले बेटे और बहू ने कथित रूप से मारपीट कर घर से निकाल दिया था। इसके बाद वे हरिद्वार और वृंदावन के आश्रमों में रहकर मंदिरों में मांगकर भोजन करते हुए जीवन बिताते रहे।

तीन दिन पहले वे इस उम्मीद से गांव लौटे कि परिवार का गुस्सा शांत हो गया होगा लेकिन बेटे-बहू ने उन्हें दोबारा घर में प्रवेश नहीं करने दिया। 4 दिन तक वे जीरन के मंदिरों में रात गुजारते रहे और भूखे-प्यासे भटकने के बाद एसपी कार्यालय पहुंचे।

एसपी राजेश व्यास ने मामला गंभीरता से लेते हुए जीरन थाना प्रभारी को कार्रवाई के निर्देश दिए। पुलिस ने सबसे पहले बुजुर्ग को भोजन कराया क्योंकि उन्होंने 4 दिन से ठीक से भोजन नहीं किया था।

## गांधीसागर जलाशय के तटवर्ती ग्रामों में वर्षाकाल में बाढ़ सुरक्षा संबंधी निर्देश

**नीमच।** जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री ने गांधी सागर जलाशय के तटवर्ती ग्रामों में बाढ़ सुरक्षा के उपयों पर अमल करने के निर्देश विभागीय अमले को दिए है। उन्होने निर्देश दिए है कि, गांधी सागर जलाशय का जलस्तर 1300 फीट तक पहुँचने पर मौसम विभाग से वर्षा, तूफान आदि की चेतावनी प्राप्त होने पर टेलीफोन, विशेष वाहक अथवा अन्य शीघ्रगामी साधनों से कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक एवं वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित करें।

गांधी सागर जलाशय के जलस्तर 1312 के अन्तर्गत डूब क्षेत्र में कृषि करने वालों को एवं अन्य तटवर्ती ग्रामों के व्यक्तियों को तत्काल डूब क्षेत्र से हट जाने हेतु सूचित करने गांधी सागर जलाशय के जलस्तर 1312 से 1316 तथा 1316 से 1320 फीट के तटवर्ती 27 ग्रामों के निवासियों को वर्षाकाल में सावधान रहने के लिए आम सूचना द्वारा सूचित करने तथा जलस्तर 1310 पहुंचने पर राजस्व अधिकारियों के सहयोग से इन्हें सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने की कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए है।तटवर्ती ग्रामों में बाढ़ की संभावना से कलेक्टर मन्दसौर-नीमच को सूचित कर, बाढ़ से बचाव संबंधी कार्यो में सहयोग प्रदान करने के लिए अधीनस्थ कर्मचारियों को एवं आबियाना कर्मचारियों को निर्देशित किया गया। सभी अबियाना कर्मचारियों को वर्षाकाल में कार्यस्थल पर ही उपस्थित रहने हेतु निर्देश दिए गए है।

## एक नजर

▶ लापरवाही पाई जाने पर कंपनी का ठेका निरस्त करने के दिए निर्देश

## गंदे पानी की समस्या पर सख्त हुईं नप अध्यक्ष चोपड़ा



**नीमच।** शहर में मिल रही पेयजल संबंधी शिकायतों को लेकर नगर पालिका परिषद नीमच की अध्यक्ष स्वाति गौरव चोपड़ा ने शनिवार को नगर पालिका कार्यालय स्थित नपा अध्यक्ष कक्ष में बैठक ली।

चोपड़ा के साथ मुख्य नगर पालिका अधिकारी दुर्गा बामनिया और जलकल सभापति छाया जायसवाल की उपस्थिति में फिल्टर मीडिया का कार्य कर रही नागपुर की कंपनी के अधिकारी चकोर,पेयजल वितरण एवं शुद्धिकरण का कार्य देख रही कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर आकाश गुप्ता के साथ ही जलकल अमले की बैठक लेकर शहर में जल वितरण को लेकर आ रही शिकायतों पर दोनों कंपनी के जिम्मेदारों को जमकर लताड़ लगाई। उन्होंने फिल्टर मीडिया बदलने वाली कंपनी को15 दिवस में फिल्टर मीडिया का कार्य पूर्ण करने व तीन दिवस में व्यवस्था सुधारने हेतु निर्देश दिए।साथ ही पेयजल वितरण वाली कंपनी के श्री आकाश गुप्ता को शहर में समय अनुसार अनुसार पेयजल वितरण करने की हिदायती दी। श्रीमती चोपड़ा ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती दुर्गा बामनिया को निर्देशित किया कि अगर व्यवस्था मैं सुधार नहीं होता है और कंपनी की लापरवाही पाई जाती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती बामनिया ने केमिस्ट सुरेश पवार को निरंतर शहर में होने वाले पेयजल वितरण की जांच करने एवं शिकायत मिलने पर तत्काल शिकायत का निराकरण करवाने के निर्देश देने के साथ ही पेयजल वितरण वाले कर्मचारियों को भी पेयजल वितरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए।